देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 28 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 23 अप्रैल 2020

**विचार–प्रवाह...**ट्रंप के फैसले की आलोचना





मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 17.0°

31398.13

**2** अमेरिका में चीन पर केस दर्ज

**7** अनुष्का से सीखा जीवन में धैर्य रखना

## संक्षिप्त समाचार

### राजनीतिक रोटियां सेंक रहीं ममता: राज्यपाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। अब तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ट्वीट से ममता बनर्जी पर हमला करते रहे हैं। लॉकडाउन पर केंद्र से चल रही तनातनी के बीच इस बार राज्यपाल धनखड़ ने ममता से सीधे मोर्चा लिया है। उन्होंने ममता बनर्जी पर आरोप लगाया है कि सरकार ऐसे संकट की घड़ी में राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। यह समय राजनीति का नहीं है लेकिन वह राजनीति कर रही हैं। राज्य में लॉकडाउन का पालन नहीं हो रहा है। धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। उनके बार–बार हाथ जोड़कर अनुरोध करने के बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही।

### कोरोना से 19,984 बीमार, 640 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया कि बुधवार को कोविड–19 के कारण देश में मरने वाले लोगों की संख्या 640 हो गई और संक्रमण के मामले 19,984 पर पहुंच गए। मंत्रालय ने आगे बताया कि कोविड–19 के 15,474 मरीजों का इलाज चल रहा है, 3,869 लोगों को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक मरीज दूसरे देश चला गया। संक्रमण के कुल मामलों में से 77 लोग विदेशी हैं।

### चीन ने भारत को भेजे खराब टेस्ट किट? उठे कई सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना के खिलाफ जंग में हर देश पूरी ताकत से जुटा हुआ है। कोरोना को मात देने के लिए भारत ने रैपिड टेस्ट किट चीन से मंगवाए लेकिन उस किट के गुणवत्ता पर बड़े सवाल उठे हैं। स्थिति ये है कि राजस्थान ने तो रैपिड किट से जांच तक को रोक दिया। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने भी अगले दो दिनों तक सभी राज्यों को इस किट से जांच रोकने को कहा है। ऐसे में चीन से आए इन किटों पर कई सवाल उठ रहे हैं। क्या चीन ने जानबूझकर भारत को खराब किट भेजे।

### फेसबुक ने जियो में 43,574 करोड़ रुपये में खरीदी 9.9 प्रतिशत हिस्सेदारी

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड और फेसबुक ने बुधवार को घोषणा की कि उनके बीच एक समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत फेसबुक जियो प्लेटफॉर्म्स में 43,574 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। फेसबुक के इस निवेश से जियो प्लेटफॉर्म्स का प्री–मनी एंटरप्राइज वैल्यू 4.62 लाख करोड़ रुपये आंका जा रहा है।

# डॉक्टरों पर हमला तो 7 साल तक जेल

## कोरोना वॉरियर्स के लिए सरकार का बड़ा फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी के दौरान देश में डॉक्टरों और नर्सों पर हमले को देखते हुए सरकार उनकी सुरक्षा के लिए एक अध्यादेश लाई है। नरेंद्र मोदी कैबिनेट की बैठक में आज 123 साल पुराने कानून में बदलाव करने का फैसला किया गया और हेल्थकर्मियों के लिए अध्यादेश लाने का फैसला किया गया। इस अध्यादेश के तहत डॉक्टरों और अन्य हेल्थकर्मियों पर हमला करने वालों को अधिकतम 7 साल तक की सजा हो सकती है।

कैबिनेट बैठक के बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बताया। उन्होंने कहा कि सरकार डॉक्टरों और नर्सों पर हमला बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हेल्थकर्मियों पर हमला करने वालों पर 50 हजार से 2 लाख के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा 3 महीने से 5 साल की सजा भी हो सकती है। जबकि गंभीर मामले में अधिकतम 7 साल की सजा हो सकती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थयकर्मियों पर हमला गैरजमानती होगा।



### जुर्माना 1–5 लाख तक होगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 123 साल पुराने कानून में बदलाव करते हुए डॉक्टरों पर हमला करना को बर्दाश्त नहीं करने का फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि गंभीर मामलों में हमला करने वालों को 6 महीने से 7 साल तक की सजा हो सकती है। ऐसे मामलों में जुर्माना 1–5 लाख तक होगा। गाड़ी या क्लीनिक का नुकसान करने पर बाजार रेट से दोगुना नुकसान हमलावारों से वसूल किया जाएगा।

**शाह से हुई थी डहक्टरों की बातः** जावड़ेकर ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ मंत्री हर्षवर्धन ने मेडिकलकर्मियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात की थी। डॉक्टरों ने मांग की थी कोरोना काल में उनकी सुरक्षा के लिए सरकार कानून लाए। गृह मंत्री ने उन्हें भरोसा दिया था कि डॉक्टरों और नर्सों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा।

### कोरोना से निपटने के लिए क्या–क्या कदम

जावड़ेकर ने साथ ही बताया कि सरकार ने कोरोना संकट से निपटने के लिए अबतक क्या–क्या कदम उठाए हैं। उन्होंने बताया कि देश में कोविड–19 के 723 अस्पताल बने हैं। इसके अलावा 1 लाख 86 हजार आइसोलेशन बेड तैयार हैं। 24 हजार आईसीयू और 12,190 वैंटिलेटर तैयार है। उन्होंने कहा कि कोरोना का पहला मरीज मिलने के तीन महीने के भीतर इन सेवाओं का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां तक पीपीई की बात है, पहले हमारे पास एक भी फैसिलिटी नहीं थी। आज 77 घरेलू कंपनियां पीपीई बना रही हैं। 1 करोड़ 88 लाख पीपीई का ऑर्डर है।

## मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार व गोलाबारूद बरामद

# शोपियां मुठभेड़ में 4 आतंकी ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के शोपियां में बुधवार सुबह भारतीय सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में 4 आतंकी ढेर हो गए। हालांकि मारे गए आतंकवादियों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। परंतु ये सभी अंसार गजवत–उल–हिंद के बताए जाते हैं। सुरक्षाबों ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार व गोलाबारूद बरामद किया गया है। इलाके में और आतंकवादियों की मौजूदगी की आशंका के चलते सुरक्षाबलों ने सर्च आपरेशन चलाया हुआ है।

उत्तर कश्मीर के जिला बारामुला के सोपोर के मलहूरा इलाके में यह मुठभेड़ आज बुधवार सुबह शुरू हुई। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि मलहूरा गांव में आतंकी मौजूद हैं।

इस सूचना पर सेना की 55 राष्ट्रीय राइफल्स, सीआरपीएफ तथा एसओजी की टीम ने गांव की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया। घेरा सख्त होता देख एक मकान में छिपे आतंकियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी। पहले तो सुरक्षा बलों ने उन्हें समर्पण के लिए कहा। इसके बाद भी आतंकियों ने गोलीबारी जारी रखी तो सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। शुरूआती मुठभेड़ में ही सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया था। सुबह 10 बजे तक सुरक्षाबलों ने मकान में छिपे चारों आतंकियो को ढेर कर दिया था। तलाशी लेने पर मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार व गोलाबारूद भी बरामद हुए हैं।

### दस दिनों में सुरक्षाबलों पर पांचवां हमला

पिछले एक सप्ताह से सोपोर में आतंकवादियों की गतिविधियां काफी बढ़ी हैं। कश्मीर में पिछले दस दिनों के भीतर सुरक्षाबलों पर यह पांचवां हमला है। पिछले तीन की बात करें तो सुरक्षाबलों ने सोपोर से पांच आतंकवादियों को जिंदा पकड़ा है जबकि इससे पहले हुए आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में सीआरपीएफ के तीन जवान शहीद जबकि दो घायल हो गए थे।

## सबसे आगे निकले पीएम नरेंद्र मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस महासंकट के वक्त लोकप्रियता के मामले में भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी वर्ल्ड लीडर्स के पछाड़ते हुए पहले पायदान पर पहुंच गए हैं। एक हालिया सर्वे में पीएम मोदी की लोकप्रियता 68 प्रतिशत बताई गई जबकि डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता 3 प्रतिशत गिर गई है।

अमेरिका की ग्लोबल डेटा इंटेलिजेंस कंपनी मॉर्निंग कनसल्ट पॉलिटिकल इंटेलिजेंस के मुताबिक 14 अप्रैल को पीएम मोदी की रेटिंग 68 प्रतिशत बताई गई है जो कि साल की शुरुआत में 62 प्रतिशत थी। पीएम मोदी की रेटिंग में सुधार की वजह कोरोना वायरस से निपटने को लेकर उनकी तैयारी है। उन्होंने 25 मार्च को देश में लॉकडाउन की घोषणा की थी जिसे 14 अप्रैल को 19 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया।

### कोरोना संकट के बीच बढ़ी मोदी की रेटिंग

वहीं, उन्होंने वैश्विक नेताओं को महामारी से निपटने में एकजुट करने की भी कोशिश की। सार्क देशों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक हो या फिर जी20 देशों की बैठक कराने के लिए किया जाने वाला पहल।




उत्तराखण्ड की माटी में जन्मे,
भारत माँ के वीर सपूत
पेशावर कांड के नायक
**वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली**
तथा उनके साथियों को

पेशावर कांड की वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों की ओर से शत–शत नमन

उत्तराखण्ड शासन
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड
www.uttarainformation.gov.in UttarakhandDIPR DIPR_UK